Received through Mail Dt. 12.3.25

# अभियंता प्रमुख का कार्यालय

## ग्रामीण कार्य विभाग

## सकारण आदेश

(56)

*संवेदक Sumit Kumar, (Regd No- 4180056/4180191), At-Ward No-01, Rajwara, Baraun, Dist-Begusarai को कार्य प्रमंडल, **बायसी** के अधीन **योजनाशीर्ष FDR** एवं **MMGSY(SC) अन्तर्गत (1) कटारे हाट (कन्हैरिया) से अच्छेपुर एवं योजनाशीर्ष MMGSY(SC) अन्तर्गत (2) पी0डब्लू0डी0 कन्हैरिया से यादव टोला तक** पथ का निर्माण एवं पंचवर्षीय अनुरक्षण कार्य आवंटित था। जिसके एकरारनामा संख्या–49/FDR/SBD/2018-19 एवं एकरारनामा संख्या–47/MMGSY/(SC)/SBD/2018-19 के अनुसार कार्य प्रारंभ की तिथि–15.01.2019 एवं कार्य पूर्णता की क्रमश'–14.07.2019, 14.10.2019 है। संवेदक द्वारा वास्तविक रूप से निर्माण कार्य दिनांक–10.05.2020 को पूर्ण किया गया है। निर्माण कार्य के पश्चात दिनांक–11.05.2020 से दिनांक–11.05.2025 तक संवेदक को अनुरक्षण कार्य करना है।

उक्त पथ में निर्धारित अवधि व्यतीत हो जाने के बाद भी संवेदक द्वारा पंचवर्षीय अनुरक्षण कार्य पूर्ण नहीं किया गया। उक्त पथ में पंचवर्षीय अनुरक्षण का कार्य पूर्ण करने हेतु कार्य अवर प्रमंडल, डगरूआ का पत्रांक–कैम्प दिनांक–03.09.2024, एवं इस प्रमंडल का पत्रांक–2432 दिनांक–12.09.2024 पत्रांक–2101 दिनांक–31.08.2024 एवं पत्रांक–2432 दिनांक–12.09.2024 द्वारा पथ का अनुरक्षण कार्य पूर्ण करने हेतु अनेक बार नोटिस किया गया परन्तु संवेदक द्वारा अनुरक्षण कार्य पूर्ण करने में अभिरूचि नहीं ली गई।

उपरोक्त स्थिति में कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, बायसी का पत्रांक–2545 दिनांक–24.09.2024 द्वारा एकरारनामा संख्या–49/FDR/SBD/2018-19 एवं एकरारनामा संख्या–47/MMGSY/(SC)/SBD/2018-19 को विखंडित कर दिया गया।

मुख्य अभियंता–4, पूर्णियाँ, ग्रामीण कार्य विभाग का पंत्राक–1703 अनु0 दिनांक–06.11.2024, अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य अंचल, पूर्णियाँ के पत्रांक–1515 अनु0 दिनांक–2510. 2024 एवं कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, बायसी के पत्रांक–2644 अनु0 दिनांक–05.10.2024 द्वारा पंचवर्षीय अनुरक्षण कार्य एकरारनामा के अनुसार एकरारित अवधि तक लंबित/अपूर्ण रखने एवं Program of Works के अनुसार समानुपातिक अनुरक्षण कार्य को अपूर्ण/लंबित रखने के कारण संवेदक को विभागीय कालीसूची में सम्मिलित करने हेतु अनुशंसा उपलब्ध कराया गया। उपरोक्त अनुशंसा के आलोक में विभागीय पत्रांक–3447 दिनांक–19.11.2024 द्वारा 15(पन्द्रह) दिनों के अंदर स्पष्टीकरण की मांग की गयी थी। निर्धारित अवधि के समाप्त हो जाने के बाद भी स्पष्टीकरण का जबाव उपलब्ध नहीं कराया गया। पुनः विभागीय पत्रांक–3714 दिनांक–17.12.2024 द्वारा संवेदक को स्मारित किया गया, फिर भी संवेदक द्वारा स्पष्टीकरण का जबाव अप्राप्त रहने के कारण पुनः संवेदक को अंतिम रूप से विभागीय पत्रांक–314 दिनांक–24.01. 2025 द्वारा स्मारित किये जाने के पश्चात भी संवेदक द्वारा अबतक स्पष्टीकरण का जबाव उपलब्ध नहीं कराया गया।

इससे स्पष्ट होता है कि अनुरक्षण कार्य अपूर्ण रहने के कारण आम जनता को योजना का वास्तविक लाभ नहीं मिल पा रहा है तथा अकारण अनुरक्षण कार्य लंबित रखने के लिए संवेदक पूर्णतया दोषी है।

प्रधान सचिव, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना
गै०स०प्र०सं०.... 2085
दिनांक.... 12/03/25

अभियंता प्रमुख (मुख्यालय)
जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना
डायरी सं०.... 901
13/03/25

EIC(HQ)
Add Chief
13.03.25
13.03.25
SE
17/03/25
293
17/3/25

उपर्युक्त वर्णित तथ्यों के आलोक में विभागीय समीक्षोपरांत बिहार ठीकेदारी निबंध नियमावली, 2007 (ग्रामीण कार्य विभाग) की अधिसूचना सं0–8123 दिनांक–19.12.2007 की कंडिका 11 (क) (vi) के आलोक में संवेदक Sumit Kumar, At-Ward No-01, Rajwara, Barauni, Dist-Begusarai के **निबंधन संख्या–4180056/4180191** को अगले 04(चार) वर्षो के लिए Blacklist किया जाता है।

(निर्मल कुमार)
अभियंता प्रमुख

ज्ञापांकः–मु0अ0(नि0एवं0गु0नि0)कालीसूची–10–77/2024 –1060 /पटना, दिनांकः– 11/03/2025

प्रतिलिपिः–अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव, सचिव, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना/जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना/लघु जल संसाधन विभाग बिहार, पटना/योजना एवं विकास विभाग, बिहार, पटना/लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार पटना/नगर विकास विभाग, बिहार, पटना/उर्जा विभाग, बिहार, पटना/कृषि विभाग, बिहार, पटना/पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना/अभियंता प्रमुख, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना/जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना/लघु जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना/लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना/प्रबंध निदेशक, बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम, बिहार, पटना से सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अभियंता प्रमुख

ज्ञापांकः– मु0अ0(नि0एवं0गु0नि0)कालीसूची–10–77/2024 –1060 /पटना, दिनांकः– 11/03/2025

प्रतिलिपिः–अपर मुख्य सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना के प्रधान आप्त सचिव/सभी मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी नोडल पदाधिकारी (मु0), ग्रामीण कार्य विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अभियंता प्रमुख

ज्ञापांकः– मु0अ0(नि0एवं0गु0नि0)कालीसूची–10–77/2024 –1060 /पटना, दिनांकः– 11/03/2025

प्रतिलिपिः– प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–14/आई0टी0 मैनेजर, ग्रामीण कार्य विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अभियंता प्रमुख

ज्ञापांकः– मु0अ0(नि0एवं0गु0नि0)कालीसूची–10–77/2024 –1060 /पटना, दिनांकः– 11/03/2025

प्रतिलिपिः– संवेदक Sumit Kumar, (Regd No- 4180056/4180191), At-Ward No-01, Rajwara, Barauni, Dist-Begusarai को सूचनार्थ प्रेषित।

अभियंता प्रमुख

मुरेन्द्र